मेरी माँ शेरावाली मेरी माँ ज्योता वाली

माँ मुरादे पूरी कर झोली खुशियों से भर तेरे दर से ना जाऊंगा खाली ,
मेरी माँ शेरावाली मेरी माँ ज्योता वाली
मेरी माँ लाटा वाली मेरी माँ पहाड़ा वाली,

माँ चिन्तपुरनी मेरी चिंता हरो,
काटो कलेश दूर संकट करो,
माँ दुःख हरनी मंगल करनी,
मैं भी आया हु बन कर सवाली,
मेरी माँ लाटा वाली मेरी माँ पहाड़ा वाली,

नैना देवी नूर आँखों में भरदो,
सिर पे मेरे हाथ अपना माँ धर दो,
तू ही आंबे तू जगदम्बे तेरी शक्ति है सब से निराली,
मेरी माँ भवनों वाली मेरी माँ झंडे वाली,

माँ महियर वाली मेहर मुझपे करो,
माँ शारदे कंठ सुर से भरो,
तू चामुंडा तू ही ज्वाला,
तेरे चरणों की धुनी लगा ली,
मेरी माँ शेरावाली मेरी माँ ज्योता वाली

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/16213/title/meri-maa-sheravali-meri-maa-jyota-vaali

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |